उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 30 आषाढ़, शक संवत्, 1931

**( दिनांक : 21 जुलाई, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री तिलक राज बेहड़, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत रूद्रपुर जिला मुख्यालय के किच्छा को पृथक कर रूद्रपुर को पृथक तहसील बनाये जाने के संबंध में" श्री कैलाश अग्रवाल, निवासी ए- 105 आवास-विकास, रूद्रपुर एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ख"**)

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) वन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 27, वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2049448 हजार (दो सौ चार करोड़ चौरानवे लाख अड़तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(2) परिवहन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 24, परिवहन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 432696 हजार (तैंतालीस करोड़ छब्बीस लाख छियानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(3) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 18, सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 161971 हजार (सोलह करोड़ उन्नीस लाख इकहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(4) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 20, सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 3600825 हजार (तीन सौ साठ करोड़ आठ लाख पच्चीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(5) समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 15, कल्याण योजनाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2026741 हजार (दो सौ दो करोड़ सड़सठ लाख इकतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(6) समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 30, अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 3674263 हजार (तीन सौ सड़सठ करोड़ बयालीस लाख तिरसठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(7) समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या- 31, अनुसूचित जाति जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 883855 हजार (अठ्ठासी करोड़ अड़तीस लाख पचपन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

11. राज्य में प्रवाहित होने वाली नदियों के निरन्तर जलस्राव की कमी को रोकने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के संबंध में दिनांक 15 जुलाई, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 के सम्बन्ध में श्री किशोर उपाध्याय, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

13. जनपद हरिद्वार के ग्रामों में फुंके (खराब पड़े) हुए ट्रान्सफार्मर को बदले जाने की व्यवस्था के संबंध में हाजी तसलीम अहमद, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

14. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर ब्लाक के सिकरोड़ा क्षेत्र को फल पट्टी घोषित करने के संबंध में श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, कृषि एवं उद्यान मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 21 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2009
का द्वितीय मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार, 30 आषाढ़, शक संवत्, 1931**

**( दिनांक : 21 जुलाई, 2009 )**

## नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.06.2009 | *1. विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के तारांकित प्रश्न संख्या–03 के उत्तर के क्रम में क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 द्वारा मसूरी में पार्किंग हेतु भूमि क्रय करने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी कर निविदाएं आमंत्रित न करने के प्रति अब तक क्या कार्यवाही की गई है और इसके लिए किस अधिकारी/कर्मचारी को दोषी पाया गया है? | चतुर्थ मंगलवार के लिए स्थगित |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>23.06.2009 | *2. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि हीमोफीलिया नामक असाध्य बीमारी के परीक्षण एवं उपचार की सुविधा उत्तराखण्ड के किसी भी चिकित्सालय में नही हैं? क्या यह भी सत्य है कि उक्त बीमारी का उपचार अत्यधिक महंगा है इसी कारण दिल्ली सरकार द्वारा इसका उपचार दिल्ली प्रदेश वासियों के लिए निःशुल्क कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या उत्तराखण्ड सरकार इस जानलेवा रोग के रोकथाम एवं उपचार की व्यवस्था प्रदेश में ही प्रारम्भ करने तथा इसके उपचार को निःशुल्क करने का कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>24.06.2009 | *3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में औषधि परीक्षण हेतु जनपदवार क्या व्यवस्था की गई है? वर्ष 2007–08 तथा वर्ष 2008–09 में कुल कितने औषधि सैम्पल परीक्षण हेतु लिये गये हैं और उसके क्या परिणाम रहे? कितने लोगों तथा औषधिफर्मो के विरूद्व मानकों की अवहेलना हेतु कार्यवाही की गई है? क्या सरकार जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>25.06.2009 | *4. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं, कि कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के रा0 संयुक्त चिकित्सालय में रक्त कोष के संचालन सम्बन्धी सभी मानक पूर्ण हो चुके हैं? यदि हां, तो रक्त कोष के संचालन में हो रहे विलम्ब के क्या कारण है? क्या सरकार रक्त कोष के संचालन के लिए ठोस कार्यवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>01.07.2009 | *5. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि कु0म0वि0नि0 द्वारा कूमॉयू क्षेत्र में चाय के बागान लगाने की योजना बनायी गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि चाय बागान योजना में कुल कितना खर्च हुआ, कितने हैक्टेयर क्षेत्रफल में चाय बागान लगाये गये तथा कितने काश्तकारों को इस योजना का लाभ दिया गया? क्या वर्तमान में उक्त बागान लाभ के स्थिति में है? यदि हां, तो प्रतिवर्ष कितना धन लाभार्जित होता है? यदि नहीं, तो क्यों? | **चतुर्थ सोमवार के तारांकित 12 में स्था0** |
| श्री मयूख महर<br>01.07.2009 | *6. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में पीलिया तथा टाईफाइड के रोगियों की संख्या में गत वर्षों में अत्यधिक वृद्धि हुई है? क्या गत एक वर्ष में जिला अस्पताल में टाईफाइड तथा पीलिया के कितने रोगियों को भर्ती किया गया है एवं इस अवधि में कितने रोगियों की इन बीमारियों से मृत्यु हुई है? क्या स्वास्थ्य विभाग के पास उक्त रोगों के उन्मूलन हेतु कोई ठोस कार्य योजना है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? | **स्वास्थ्य** |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>11.06.2009 | 1. विधान सभा के प्रथम सत्र 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–06 के उत्तर के संदर्भ में क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में मन्दिरों के सौन्दर्यकरण एवं पर्यटन विकास की स्वीकृत योजनाओं के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही एवं उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा अब तक किन–किन योजनाओं के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है? | **पर्यटन** |

# अतारांकित प्रश्न

श्री महेन्द्र सिंह माहरा
12.06.2009

1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा 25 अगस्त, 2006 को धामंद्यो जनपद अल्मोड़ा में शहीद दिवस के अवसर पर जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराकोट में भवन निर्माण/दिगालीचौड़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना/मध्य गंगोल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना/मूलाकोट में ए0एन0एम0 सेन्टर की स्थापना हेतु घोषणायें की गयी थी? यदि हां, तो उक्त घोषणओं में अब तक क्या प्रगति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री मयूख महर
16.06.2009

2. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में गत दो वर्षो में पर्यटन को प्रोत्साहित देने हेतु कुल कितनी धनराशि खर्च/आवंटित की गयी है एवं उक्त राशि से किये जा रहे कुल कार्यों का विवरण वि0ख0 वार उनकी लागत सहित विवरण क्या है?क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कार्यों के चयन हेतु कोई समिति गठित की गयी थी? यदि हां, तो समिति के सदस्यों के नाम क्या है?

पर्यटन

श्रीमती अमृता रावत
17.06.2009

3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संविदा के आधार पर नियुक्त चिकित्सकों को अन्य प्रदेशों की तुलना में कम मानदेय/वेतन दिया जा रहा है?यदि हां, तो अन्य प्रदेशों से कम मानदेय/वेतन दिए जाने के क्या कारण है तथा संविदा पर नियुक्त चिकित्सकों का मानदेय/वेतन बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है? प्रदेश के प्रत्येक चिकित्सालय में चिकित्सक की तैनाती किए जाने के सम्बन्ध में सरकार की क्या योजना है? क्या यह भी सत्य है कि संविदा पर कार्यरत चिकित्सकों को आवासीय सुविधा भी उपलबध नहीं करवाई जा रही है? यदि हां, तो इसके कारण क्या है तथा इन्हें कब तक आवासीय सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत
17.06.2009
श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
23.06.2009

4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार स्थित कण्वाश्रम में प्र्यटन विकास तथा सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार द्वारा कोई योजना स्वीकृत है? यदि हां, तो स्वीकृत योजना में प्रस्तावित कार्यों का विवरण क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा अब तक कराए गए कार्यों तथा उस पर व्यय की गई धनराशि का विवरण क्या है और कब तक स्वीकृत योजना का निर्माण कर दिया जायेगा?

पर्यटन

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>17.06.2009 | **5.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर (श्रीकोट) स्थित बेस अस्पताल में चिकित्सकों, विशेषज्ञों तथा अन्य कर्मचारियों के कितने–कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष में किन–किन पदों पर कितने–कितने कर्मचारी/चिकित्सक एवं विशेषज्ञ कार्यरत हैं तथा रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर दी जायेगी? | **स्वास्थ्य** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>17.06.2009 | **6.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत पुरकुल गांव से मसूरी तक रोपवे स्वीकृत हो चुका है? यदि हां, तो कब तक इस बहुउद्देश्यीय योजना का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री नारायण पाल<br>17.06.2009 | **7.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के ओखलकॉडा, धारी, रामगढ़, भीमताल, बेतालघाट व कोटाबाग ब्लाकों समेत नैनीताल व भवाली नगर क्षेत्र में कुल कितने प्राथमिक, संयुक्त व अतिरिक्त चिकित्सालय व सब सेंटर स्थापित है? यदि हां, तो किन–किन स्थानों पर? क्या उक्त में मानकों के अनुरूप चिकित्सक तैनात है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें से कितने चिकित्सालयों में गाइनोलॉजिस्ट, बालरोग विशेषज्ञ, अर्थोसर्जन व न्यूरोसर्जन तैनात है? यदि नहीं, तो क्यों और इन श्रेणियों के चिकित्सक कब तक तैनात किये जायेंगे? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>18.06.2009 | **8.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार गठन के गत दो वर्षो में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्या कोई नया अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र प्रदेश में खोला गया है? यदि हां, तो विधान सभा वार तत्सम्बन्धी व्यौरा क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>18.06.2009 | **9.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के चिकित्सालयों में सृजित पद के सापेक्ष कितने चिकित्सक व स्टाफ नर्स कार्यरत है? क्या इस वर्ष विभाग द्वारा जनपद से कितने चिकित्सक व स्टाफ नर्सो का स्थानान्तरण अन्यत्र किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस स्थानान्तरण प्रक्रिया से हुये रिक्त पदों पर विभाग द्वारा तैनाती की गयी है? यदि हां, तो कितने? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>18.06.2009 | **10.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड, डोईवाला के अन्तर्गत भोगपुर में प्राथमिक एलोपैथिक सेंटर कब खुला है? क्या यह सत्य है कि उक्त सेंटर में आज तक कोई भी चिकित्सक नहीं है? क्या यह भी सत्य है कि तैनाती भी अंश कालिक है? यदि हां, तो उक्त सेंटर में कब तक पूर्णकालिक चिकित्सक/फार्मासिस्ट एवं अन्य स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>19.06.2009 | **11.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नेशलन रूरल हैल्थ मिशन के अन्तर्गत आने वाली बालिका जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रदेश को मिल रहा हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.06.2009 | **12.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–12 के उत्तर के क्रम में क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के सुरम्य तपस्थली स्थल व्यासघाट में पर्यटकों/यात्रियों की सुविधा हेतु पर्यटक आवास गृह के निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित आवासगृह का निर्माण कर दिया जायेगा? | **पर्यटन** |
| श्रीमती अमृता रावत | **13.** **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त** | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत | **14.** **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त** | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>22.06.2009 | **15.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बेस हॉस्पीटल खोले जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या निर्माण हेतु विभाग द्वारा भूमि चयनित की गयी है तथा कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>22.06.2009 | **16.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन विभाग द्वारा घोषित पर्यटन ग्रामों को क्या–क्या सुविधा दी जायेगी? क्या सरकार पर्यटन ग्राम के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की व्यवस्था एवं पर्यटन ग्राम के बेरोजगार युवाओं को रोजगार हेतु सरकार से कोई योजना/अनुदान दिये जाने पर विचार करेगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किसी घोषित पर्यटन ग्राम में कोई विकास कार्य योजना के तहत प्रारम्भ हुआ है? | **पर्यटन** |
| श्री मयूख महर<br>22.06.2009 | **17.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ हवाई पट्टी के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण करने के तीन वर्ष उपरान्त भी अभी तक हवाई पट्टी के विस्तारीकरण का कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? क्या निकट भविष्य में उक्त कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोमवार अता0 48 में स्था0** |

श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
22.06.2009

**18.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भरत नगर (उतिर्छा) को एक आदर्श पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पर्यटन**

श्रीमती अमृता रावत
23.06.2009

**19.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढ़वाल के पत्रांक रा0 ए0 चि0 / वेदीखाल / 2008–09 / 3153 दिनांक 25.09.2008 के द्वारा चिकित्साधिकारी एवं फार्मासिस्ट की नियुक्ति होने पर नियमित रूप से तैनात किए जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढ़वाल के उक्त संदर्भित पत्र द्वारा राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय वेदीखाल के भवन निर्माण हेतु आगणन गठित किए जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, बैजरो, पौड़ी गढ़वाल से अनुरोध किए जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो आगणन गठित करने / करवाने के सम्बन्ध में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
23.06.2009

**20.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोखाल के अन्तर्गत स्थान नौगांवखाल, पोखड़ा, गवाणी, कोटा महादेव, वेदीखाल, थापला तथा ललितपुर में स्थित राजकीय चिकित्सालयों के नियमित एवं व्यवस्थित संचालन के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को सम्बांधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1129 / विधायक / 4–स्वास्थ्य / 2008–09 दिनांक 06 सितम्बर, 2008 कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित समस्याओं के निस्तारण हेतु अब तक की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा उपरोक्त वर्णित चिकित्सालयों में नियुक्त चिकित्साधिकारियों एवं फार्मासिस्टों का विवरण क्या हैं?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
23.06.2009

**21.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में ऐसे कौन–कौन से आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय है जिनके भवन निर्माण हेतु अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं है? इन चिकित्सालयों के भवनों के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करने / करवाने की दिशा में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
23.06.2009

**22.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय है जिनके सुव्यस्थित संचालन हेतु भवन निर्मित नहीं किए जा सके हैं? इन चिकित्सालयों के लिए भवन निर्मित किए जाने की क्या योजना है तथा भवन निर्माण कब तक कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

**स्वास्थ्य**

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>24.06.2009 | **23.** क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अवगत हैं कि कु0मं0वि0 निगम की यूनिट यू0पी0 डिजिटल्स लि0 भवाली, नैनीताल की बंदी के उपरान्त अवशेष कर्मचारी बेरोजगारी के कारण भुखमरी के कगार पर है? क्या यह सत्य है कि उक्त निगम की ही एक अन्य इकाई मै0 ट्रांस केबिल लि0 काठगोदाम की बंदी के बाद उसमें अवशेष कर्मचारियों को पावर कॉर्पोरेशन में समायोजित किया जा चुका है? यदि हां, तो क्या सरकार यू0पी0 डिजिटल्स के उपरोक्त कर्मचारियों को भी अन्यत्र कहीं अन्य विभागों में समायोजित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कहां? यदि नहीं, तो क्यों? | **चतुर्थ मंगलवार के अता0 5 में स्था0** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>24.06.2009 | **24.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपदवार खाद्य पदार्थों इत्यादि के वर्ष 2007–08 तथा 2008–09 में कुल कितने सैम्पल परीक्षण हेतु भरे गये थे एवं उसके क्या परिणाम है व कितने लोगों पर कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.06.2009 | **25.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्र है जिनमें अभी तक ए0एन0एम0 की तैनाती नहीं की गई है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त उपकेन्द्रों में सरकार द्वारा प्रदत सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए क्या व्यवस्था की गई है तथा कब तक इन उपकेन्द्रों में ए0एन0एम0 की तैनाती कर दी जायेगी? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>29.06.2009 | **26.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत पांच वर्षों में उत्तराखण्ड राज्य में कितने लोग कैंसर से पीड़ित मरीज पंजीकृत हुये तथा उनके इलाज पर कितना व्यय हुआ? कितने लोग कैंसर पीड़ित इलाज के बाद स्वस्थ हुये और कितनों की मृत्यु हो गई? क्या मंत्री जी उक्त का वर्षवार एवं जिलेवार ब्यौरा उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>29.06.2009 | **27.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत रामवाड़ा से केदारनाथ रोपवे (रज्जू मार्ग) वर्ष 2006 में स्वीकृत हुआ था यदि हां, तो इसके निर्माण में विलम्ब के क्या कारण है? क्या सरकार यात्रा काल को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.06.2009 | **28.** क्या तीर्थाटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के जोशीमठ तथा बद्रीनाथ में भवन निर्माण पर प्रतिबन्ध लगाया गया है? यदि हां, तो प्रतिबन्ध लगाये जाने के क्या कारण है तथा प्रतिबन्ध को कब तक हटाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोमवार के अता0 47 में स्था0** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>10.06.2009 | **29.** क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में उ0प्र0रा0 निर्माण निगम को कार्यदायी संस्था से मुक्त कर दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विशेष परिस्थितियों में उ0प्र0रा0 निर्माण निगम से कार्य कराने का निर्णय लिये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक यदि नहीं, तो क्यों? | **नियोजन** |

# नत्थी 'ख'

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 20 जुलाई, 2009 की बैठक में दिनांक 21 जुलाई, 2009 से दिनांक 24 जुलाई, 2009 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है :–**

*जुलाई, 2009*

21– (मंगलवार)

| अनुदान संख्या | |
|---|---|
| 27 | वन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एवं मतदान। |
| 24 | परिवहन विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| 18 | सहकारिता विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 20 | सिंचाई, एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की अनुदान, पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 15 | कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 30 | स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान से संबंधित विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| 31 | ट्रायबल प्लान से संबंधित विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

दिनांक 22 जुलाई, 2009 (बुधवार)

| | |
|---|---|
| 13 | जलापूर्ति, आवास एवं शहरी विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 16 | श्रम रोजगार विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 05 | निर्वाचन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 06 | राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| 25 | खाद्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 08 | आबकारी विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| 26 | पर्यटन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

दिनांक 23 जुलाई, 2009 (वृहसपतिवार)

| | |
|---|---|
| 17 | कृषि कार्य एवं अनुसंधान विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एवं मतदान। |
| 28 | पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एंव मतदान। |
| 19 | ग्राम्य विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 11 | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |

दिनांक 24 जुलाई, 2009 (शुक्रवार)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अनुदान सं0** | 01 | विधान सभा की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 02 | राज्यपाल की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 03 | मंत्री परिषद की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 04 | न्याय प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 07 | वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 09 | लोक सेवा आयोग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 10 | पुलिस एवं जेल विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 12 | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 21 | उर्जा विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 14 | सूचना विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 22 | लोक निर्माण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 23 | उद्योग विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 29 | औद्यानिक एवं रेशम विभाग से सम्बंधित विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | – |
| | | उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2009 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं पारण। | – |

## नत्थी 'ग'

### वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 27 वन विभाग, 24 परिवहन विभाग, 18 सहकारिता विभाग, 20 सिंचाई विभाग, 15 कल्याण योजनओं से सम्बद्ध विभाग, 30 स्पेशल कम्पोनेन्ट से संबंधित विभाग, 31 ट्रायबल प्लान से संबंधित विभाग**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| क- 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री यशपाल आर्य,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>5. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>6. श्रीमती अमृता रावत,<br>7. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>8. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री तिलक राज बेहड़,<br>11. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>12. श्री किशोर उपाध्याय,<br>13. श्री गोपाल सिंह राणा,<br>14. कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>15. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>16. श्री केदार सिंह रावत,<br>17. श्री राजेश जुवांठा,<br>18. श्री करन माहरा,<br>19. श्री मनोज तिवारी,<br>20. श्री मयूख महर, | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| ख 1. काजी निजामुद्दीन,<br>2. चौ0 यशवीर सिंह,<br>3. मौ0 शहजाद,<br>4. श्री हरिदास,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. हाजी तसलीम अहमद,<br>7. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>8. श्री नारायण पाल, | -तदैव- |